प्रबोध (Vth)
हिन्दी विषय के साथ प्राथमिक स्तर से नीचे। (पांचवीं कक्षा से नीचे)

प्रवीण (VIIIth)
हिन्दी विषय के साथ मिडल स्तर से नीचे । (आठवीं कक्षा से नीचे)

प्राज्ञ (Xth)
हिन्दी विषय के साथ माध्यमिक स्तर से नीचे । (दसवीं कक्षा से नीचे)

पारंगत (Xth+)
हिन्दी विषय के साथ माध्यमिक स्तर या उससे ऊपर । (दसवीं कक्षा से ऊपर)

जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान नहीं है उनके लिए निर्धारित अंको के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने पर पुरस्कार का भी प्रावधान है। गृहमंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा उपरोक्त परीक्षाएं वर्ष में दो बार जून/जुलाई तथा नवंबर/दिसम्बर माह में आयोजित की जाती हैं।

<u>प्रबोध</u>:- 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर 1600/- रूपये, 60 प्रतिशत या इससे अधिक किन्तु 70 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर 800/- रूपये तथा 55 प्रतिशत या इससे अधिक किन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर 400/- रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है ।

<u>प्रवीण</u>:- 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर 1800/- रूपये, 60 प्रतिशत या इससे अधिक किन्तु 70 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर 1200/- रूपये तथा 55 प्रतिशत या इससे अधिक किन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर 600/- रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है ।

<u>प्राज्ञ</u>:- 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर 2400/-रूपये, 60 प्रतिशत या इससे अधिक किन्तु 70 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर 1600/-रूपये तथा 55 प्रतिशत या इससे अधिक किन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर 800/-रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है ।